तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 17 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी में किचन गार्डन बना पोषण और शिक्षा का सशक्त माध्यम




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सेल्फी विद डॉटर कॉन्टेस्ट का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा "सेल्फी विद डॉटर" कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी को सुबह 11 बजे जिला ऑडिटोरियम, जांजगीर-चांपा में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागी 22 जनवरी तक अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकते हैं। प्रतिभागियों को अपनी सेल्फी पोस्ट करते समय हैशटैग का उपयोग करना होगा।

### नाग लीला एवं कृष्ण लीला और मेला महोत्सव 19 से

**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के रामसागर डोंगिया तालाब में 19 जनवरी को श्री कृष्ण रासलीला मंडली समिति मल्दा के तत्वाधान में भव्य नागलीला एवं मेला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के समाज सेवक लखन लाल कश्यप गुरुजी ने बताया कि नाग लीला मेला महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी दिन सोमवार को किया जाएगा। नाग लीला प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रामसागर डोंगिया तालाब में कार्यक्रम होगा। रात्रि कालीन में प्रत्येक दिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 12: बजे तक श्री कृष्ण लीला का आयोजन भी रखा गया है। यह लगातार रविवार 25 जनवरी तक चलेगा।

### अवैध रूप से भंडारित मिला 56 हजार 417 बोरी धान

# राइस मिल में अफसरों की दबिश, 7 करोड़ का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी के अंतिम दिनों में धान के अवध कारोबार और अवैध बिक्री पर रोक लगाने की जा रही सख्त कार्रवाई के तहत अफसरों की टीम ने नेगुरडीह के राइस मिल में छापा मारा। इस दौरान अवैध रूप से रखे गए साढे 22 हजार क्विंटल से अधिक धान को जब्त किया गया। जब्त किए गए धान की कीमत 7 करोड रुपए बताई जा रही है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की अंतिम तिथि में अब मुश्किल 15 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में अंतिम समय में धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने और कोचियों और बिचौलियों के द्वारा उपार्जन केदो में खपाए जाने वाले धान पर रोक लगाने सख्त निगरानी के साथ कार्रवाई की जा रही है। जिले में इसी क्रम में विकासखंड नवागढ़ के ग्राम नेगुरडीह स्थित हरि राइस मिल में खाद्य विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान मिल के प्रोपराइटर झामलाल साहू मौके पर उपस्थित था। निरीक्षण के समय मिल के रिकॉर्ड कीपिंग में गड़बड़ी तथा मिल संचालन में अनियमितता पाई गई। जांच उपरांत मिलर से 56 हजार 417 बोरी धान, जिसका कुल वजन 22,566.80 क्विंटल है, को जब्त किया गया। उल्लेखनीय की इसके पहले 14 जनवरी को अफसर की टीम ने बमहनीडीह ब्लॉक के भगोड़ी में ओम राइस मिल मैं छापा मार कार्रवाई की थी जहां 22860 क्विंटल धान जब्त किया गया था। इस तरह से देखा जाए तो तीन दिनों में अफसरों की टीम ने दो राइस मिलों से तकरीबन 15 करोड़ का धन जप्त किया है। जबकि 20 से अधिक राइस मिलों में छापा मार कार्रवाई की गई है। अफसरो ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में कोचियों, बिचौलियों एवं राइस मिलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए नियमित सत्यापन जांच के साथ-साथ आकस्मिक छापामार कार्रवाई लगातार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में अवैध धान समिति में धान खरीदी के दौरान खपाया न जा सके। इस उद्देश्य से राजस्व, खाद्य, मंडी एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त उड़नदस्ता टीम लगातार गश्त कर रही है और नियम विरुद्ध पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



कार्रवाई करते सहायक खाद्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक।

### धान उपार्जन में लापरवाही को लेकर नोडल अधिकारी पटवारी निलंबित

**सक्ती।** शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील धान उपार्जन कार्य के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा मनमानी को जिला प्रशासन सक्ती द्वारा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी कड़ी में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन पर एक पटवारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। पटवारी विशेश्वर सिंह सिदार को धान उपार्जन केन्द्र भोथिया का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्हें शासन की इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफल संचालन हेतु पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करना था, किंतु संबंधित कर्मचारी द्वारा अपने पदीय दायित्वों की अवहेलना की गई। कलेक्टर द्वारा टोकन सत्यापन के संबंध में शुक्रवार 16 जनवरी को आयोजित अतिआवश्यक समीक्षा बैठक में पटवारी विशेश्वर सिंह सिदार बिना किसी सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहे। यह कृत्य न केवल गंभीर अनुशासनहीनता है, बल्कि शासन के कार्यों के प्रति घोर उदासीनता और स्वेच्छाचारिता है। उनकी गैर-जिम्मेदाराना अनुपस्थिति के कारण शासन की महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ। संबंधित पटवारी द्वारा धान उपार्जन केन्द्र भोथिया के कार्यों में भी लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। शासन द्वारा सौंपे गए उत्तरदायित्वों के प्रति इस प्रकार का रवैया प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करने वाला एवं किसानों के हितों के प्रतिकूल पाया गया। उक्त कदाचार को देखते हुए पटवारी विशेश्वर सिंह सिदार को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय भोथिया निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# 20 लाख की लूट का पर्दाफाश, चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चांपा थाना क्षेत्र का मामला, 13 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कैश कलेक्शन की राशि लेकर लौट रहे बाइक सवार युवक के आंख में मिर्च पाउडर छिड़कर 20 लाख के लूट करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी अभी भी फरार है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी प्रार्थी हरीश देवांगन द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि यह मेसर्स अरविंद इंडस्ट्रीज चाम्पा में विगत 4-5 सालों से सुपरवाईजर का काम करता है तथा कैश कलेक्शन के लिए अलग-अलग जगह जाता रहता है। इसी दौरान शुक्रवार 9 जनवरी को सुबह 10.30 बजे हरीश देवांगन कंपनी का राशि कलेक्शन के लिए मोटर सायकल से सक्ती के लिए निकला था, जो सक्ती से विष्णु पेट्रोल पंप के मालिक आंनद अग्रवाल से नगदी 15 लाख 66 हजार 2 सौ एवं ठठारी से बंशीधर हार्डवेयर के मालिक कैलाश कुमार देवांगन से नगदी 4 लाख 52 हजार 5 सौ रुपए जुमला कुल 20 लाख 18 हजार 7 सौ को एकत्र कर वापस चाम्पा की ओर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में दोपहर करीबन 3.30 बजे ग्राम कोसमंदा मेन रोड तालाब के पास पहुंचा था, उसी समय काले रंग की कार जिसका नं सीजी 11 बीएन 13 दिख रहा था। आखिरी दो नंबर पर कागज चिपका हुआ था। उसी कार में सवार व्यक्तियों ने हरीश के आंख पर मिर्ची पावडर जैसा कोई पदार्थ फेंक दिया। इसी समय तीन व्यक्ति कार से उतर कर उसके बैग को छिनने लगे। शोर मचाने पर आरोपियों ने हरीश को जबरन पकड़कर कार के अंदर बैठा दिए और उसके मोबाईल को छीन लिए। उसके बाद कार में बैठाकर डरा धमका कर मारपीट करते हुए मैनपाट सेल्फी पाइंट के पास ले गए और उसे गिराकर भाग निकले। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में एएसपी उमेश कुमार कश्यप एवं चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में घटनास्थल से लगे सीसीटीवी की जांच की गई। जिसमें एक संदिग्ध वाहन घटना स्थल से निकलकर पिसौद, चाम्पा, पहरिया, बलौदा होते हुए कोरबा की तरफ जाती हुई दिखी। इस वाहन के वर्तमान मालिक की जानकारी ली गई जो बिरगहनी चाम्पा निवासी अमीर मिरी का होना ज्ञात हुआ। इस पर पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ किया तो इस मामले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरण्डम के आधार पर लूट की रकम में से 13 लाख 75 हजार एवं घटना में प्रयुक्त कार, चाकू, बेसबाल स्टीक एवं 5 नग मोबाईल को बरामद किया है। मामले में आरोपी अमिर मिरी, योगेश रात्रे, जमुना सेवायक एवं महेश दिवाकर को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी जारी है। कार्रवाई में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक अशोक वैष्णव, उपनिरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा, उमेंद्र मिश्रा, विवेक कुमार सिंह, विवेक सिंह, मनोज तिग्गा, राजकुमार चन्द्रा, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, रोहित कहरा, शाहबाज अहमद, माखन साहू, श्रीकांत सिंह, प्रतीक सिंह, आशुतोष कर्ष का योगदान रहा।



मामले की जानकारी देते विजय कुमार पाण्डेय पीछे पुलिस गिरफ्त में आरोपी।




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से

**सक्ती।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (हाथीपांव) हेतु सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 फरवरी से 12 फरवरी तक बूथ स्तर में स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा खिलाई जाएगी और 13 फरवरी से 22 फरवरी तक मितानिन व आंगनबाड़ी के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी साथ ही 23 फरवरी से 25 फरवरी तक मापअप राउंड अंतर्गत छूटे हुए व्यक्तियों को दवा खिलाई जाएगी।

### जय भारत स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम कल से

**बिर्रा।** जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय "जय भारत उत्सव" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को विद्यालय परिसर में संपन्न होगा। प्रथम दिवस 18 जनवरी को वार्षिकोत्सव विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं शिक्षकों के समर्पण को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे. पी. पुष्प उपसंचालक, शिक्षा विभाग होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक एस. के. तिवारी एवं श्रीमती गीता तिवारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। साथ ही छात्र दुष्यंत कश्यप के जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन एवं छात्रा सुहाना खूंटे के श्रेष्ठ (एनईटीएस-एनटीए) परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 540 प्राप्त करने पर विशेष सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की शालेय पत्रिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। द्वितीय दिवस 19 जनवरी को विद्यालय परिसर में बाल व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता एवं व्यवहारिक ज्ञान का विकास करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर सुल्तानिया जन सेवक जांजगीर होंगे। वार्षिक खेल एवं बाल व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रमों में सभी से उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने आग्रह किया है।

## निधन

### टिनेश भाई पटेल

**चांपा।** स्थानीय गुजराती समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नारायणी होटल के संचालक स्टेशन रोड निवासी स्व. गोवर्धन भाई पटेल के कनिष्ठ पुत्र टिनेश भाई पटेल का बुधवार 14 जनवरी को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। स्व. पटेल का अंतिम संस्कार गुरुवार 15 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

ग्राम पंचायत कुटरा में मेडिकल कालेज निर्माण का मामला

# निर्धारित राशि से कम भुगतान किए जाने पर श्रमिकों ने काम बंद कर शुरु की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


काम बंद कर विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक।

पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटरा में इन दिनों मेडिकल कालेज निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य में श्रमिको को उनके निर्धारित राशि के हिसाब से कम राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस बात को लेकर श्रमिकों ने काम बंद करके हड़ताल प्रारंभ कर दिया है, जिसके कारण मेडिकल कालेज निर्माण कार्य का रप्तार धीमी पड़ गई है।

गौरतलब है कि पामगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुटरा के 130 एकड़ जमीन पर करीब दो महीने से मेडिकल कालेज निर्माण कार्य को लेकर काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि मेडिकल निर्माण कार्य 150 से भी अधिक मजदुरों के द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार 16 जनवरी को भी निर्माण कार्य चल रहा था। इस बीच ग्राम पंचायत कुटरा सहित आसपास गांव के लोग भी काम करने के लिए गए थे। इस दौरान श्रमिकों ने निर्धारित राशि से कम भुगतान किए जाने की बात को लेकर काम बंद कर दिया। वहीं आंदोलन भी शुरू कर दिए जिसके कारण शुरूआती दिनों में ही मेडिकल कालेज निर्माण कार्य की रफ्तार तेज गति से आगे नही बढ़ पा रही है। इधर मजदुरों के आंदोलन करने की जानकारी मिलने पर संबंधित ठेकेदार के लोग अलर्ट हो गऐ वहीं मामले की सूचना संबंधित ठेकेदार को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे। श्रमिको ने बताया कि वर्तमान में महंगाई बढ़ती ही जा रही है। उसके अनुसार उन्हें एक दिन की मजदुरी 250 रूपऐ दी जा रही है। जो अभी के हिसाब से बहुत कम ही है। श्रमिकों के अनुसार उनकों काम के एवज में अधिक राशि मिलनी चाहिए। इस समस्या को लेकर श्रमिकों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। उनका कहना है कि मेडिकल निर्माण कार्य में संबंधित ठेकेदार के द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान नही किया जा रहा है। साथ ही उन्हें कम राशि प्रदान की जा रही है। इधर ग्राम पंचायत कुटरा में मेडिकल कालेज निर्माण कार्य को लेकर शासन के द्वारा करीब 1 अरब से भी अधिक की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जाना है।

# कांग्रेस में निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलता है पद : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा


शपथ समारोह में मंचस्थ अतिथिगण।

- कांग्रेस के जिला व ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ शपथ समारोह

जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा जिला युवा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज शुक्ला सहित अन्य ब्लॉक अध्यक्षों का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 16 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे से गांधी भवन के पास स्थित मार्डन विलेज में छ.ग. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू और जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा व श्रीमती मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा युवा कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला सहित चांपा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साधवानी, जांजगीर शहर अध्यक्ष रामविलास राठौर, बलौदा ग्रामीण अध्यक्ष सदन यादव, अकलतरा ग्रामीण अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, अकलतरा शहर अध्यक्ष महेश्वर टंडन, नवागढ़ अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह, पामगढ़ अध्यक्ष नवल सिंह, बम्हनीडीह अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा तथा जांजगीर ग्रामीण अध्यक्ष विजय प्रकाश तिवारी को उनके पद एवं दायित्व की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और सहयोग से वे यहां तक पहुंचे है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता का सम्मान करने के अलावा संगठन में बैठे लोगों को विपक्ष का ख्याल रखने की हिम्मत होनी चाहिए। उन्हें अपने सामाजिक व्यवहार और सबके सुख-दुःख में शामिल होने का कर्तव्य निभाना चाहिए तभी वे संगठन को मजबूत कर पार्टी का विस्तार करने में सफल होंगे। डॉ. महंत ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं से समय-समय पर उनके मार्गदर्शन के लिए मिलने की सलाह देते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश और केन्द्र की सरकार ने हर वर्ग को आपस में लड़ाने का कार्य किया है। हमें पूरी एकजुटता के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और उनकी स्मृति को बचाये रखने के लिए संघर्ष करना होगा। डॉ. महंत ने इस दौरान पार्टी के अनुभवी व वरिष्ठ नेताओं का भी सम्मान कौसेय शाल पहनाकर किया। समारोह को कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, जांजगीर चापा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक शेष राज हरबंस, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन व आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस के प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस मौके पर लक्ष्मण मुकीम, विजय केशरवानी, सक्ती जिलाध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल, डॉ. के.पी. राठौर, लोचन साव, सीमा शर्मा, प्रिंस शर्मा, टिंकू मेमन सहित क्षेत्र से आये कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए मन लगाकर करें पढ़ाई



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तागा में सप्तशक्ति एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद एवं अध्यक्षता चुन्नीलाल साहू उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ (पूर्व विधायक अकलतरा) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यलता आनंद मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत, वृंदा ताराचंद कश्यप जनपद सदस्य तागा एवं रामनारायण भैना सरपंच ग्राम पंचायत तागा उपस्थित रहे ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कक्षा अरुण के बहनों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत करके प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपने नृत्य एवं गायन से सभी उपस्थित अभिभावको एवं नागरिकों का मनमोह लिया। कक्षा पंचम के छात्र द्वारा डंडा नृत्य एवं कक्षा तृतीय के छात्राओं द्वारा सबसे प्यारा पापा एवं द्वितीय के बहनों द्वारा स्कूल चले हम तथा एकादश की छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक नृत्य एवं नवम के बहनों की सामूहिक नृत्य ने सभी का ध्यान खींच लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओं से अध्ययन को विशेष ध्यान रखते हुए पढ़ाई करने तथा विद्यालय के संस्कारयुक्त अपनी छवि को समाज में प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि असफलता में भी सफलता का रास्ता मिलता है। विशिष्ट अतिथि सत्यता आनंद मिरी ने माता को प्रथम गुरु बताते हुए उनके साथ विशेष व्यवहार करते हुए अपने घर के वातावरण को संस्कार क्षम कैसे रखना है एवं समाज में हमारी माताओ का कितना उच्च स्थान है यह बताया। उन्होंने सभी बच्चों से गुरुजनों एवं माता-पिता का हमेशा आज्ञा पालन करने की बात कही। कार्यक्रम के अध्यक्ष चुन्नीलाल साहू ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित माताओ तथा अभिभावकों को विद्यार्थियों संस्कार युक्त विद्या प्राप्त करने में विशेष सहयोग देने को मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दिया एवं आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन राम विलास कश्यप उपाध्यक्ष केशव शिक्षण समिति तागा द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सरोज यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश चौबे प्रभारी प्राचार्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार कश्यप प्रधानाचार्य , श्यामलाल यादव, सरला दुबे, सीता तिवारी, ममता कश्यप, नकुल मिश्रा, लीलावती राठौर, अश्वनी कुमार ,संतोष कुमार, मेघा तिवारी ,रामेश्वरी यादव चंद्रप्रभा हंसेल, मीना श्रीवास, पूजा गोस्वामी, दामिनी श्रीवास तथा केशव शिक्षण समिति तागा के पदाधिकारी फिरतराम साहू (सचिव), रामदत्त शर्मा (कोषाध्यक्ष), सदस्य भवानीप्रसाद कौशिक, राजेश कुमार कौशिक ,रामचंद्र कश्यप रामकुमार कश्यप सहित अभिभावक, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर लोहर्सी में वार्षिकोत्सव आज

**लोहर्सी।** रक्त मावली शिक्षण समिति द्वारा संचालित एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान से मान्यता प्राप्त सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहर्सी खरोद में 17जनवरी को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता श्रीमती चंद्रकांता रुपेश खुंट सचिव सरपंच संघ ग्राम पंचायत लोहर्सी , विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिदेव साहू जनपद सदस्य जनपद पंचायत पामगढ़, पवन कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवरी, हेमलाल कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कामता, श्रीमती शांति बाई नंदकिशोर खुंटे सरपंच ग्राम पंचायत महका, श्रीमती आरती अरविंद गोड़ सरपंच ग्राम पंचायत खोरसी एवं श्रीमान साकेत बिहारी कर्ष जी सरपंच ग्राम पंचायत धरदेई होंगे। और कार्यक्रम स्थल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहर्सी खरोद पुराना बस स्टैंड कार्यक्रम समय दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। आयोजक समिति द्वारा ग्राम पंचायत लोहर्सी के समस्त अभिभावक एवं माता बहनों से आग्रह किया जाता है कि समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल में पधारकर भैया बहनों का उत्साहवर्धन करने की कृपा करेंगे।



# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विवेकानंद स्कूल के 1350 बच्चों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में अध्यनरत कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के बीच में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता जांजगीर में खोखरा स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। जिसमें आउटडोर गेम्स संपन्न कराए गए। जैसे दौड़ ,कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेक, खो-खो ,कुर्सी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद ,स्किपिंग इत्यादि। छोटे बच्चों के लिए टॉफी दौड़, जलेबी दौड़ ,बोरा दौड़ ,फनी गेम ,कुर्सी दौड़,खोखो,कबड्डी इत्यादि खेल आयोजित किये गए। प्रातः 8 बजे से हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्तर पर खेल की अधिकांश विधा में प्रतियोगिता करवाई गई। उसमें हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान निर्धारित था। कक्षा 9 वी से 12 वीं में अध्यनरत 756 विद्यार्थियों में से 645 विद्यार्थी ने भाग लिया। इसी तरह प्री प्राइमरी, प्राइमरी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं में अध्यनरत 750 विद्यार्थियों में से 705 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। खोखरा स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में शानदार रनिंग ट्रैक का विद्यार्थियों ने उपयोग किया। विद्यालय की परंपरा के अनुसार वर्तमान सत्र के दौरान खेल कूद सहित विभिन्न कार्यक्रमों में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के अवसर पर पुरस्कृत किया जाता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले करीब 1350 विद्यार्थियों के सम्मुख वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 100 मी का दौड़ था। बालक वर्ग में सीनियर ग्रुप में सक्षम केवट प्रथम, युग कहरा द्वितीय,मनीष कुमार तृतीय स्थान पर रहे।जूनियर स्तर पर प्रथम स्थान यश पटेल,द्वितीय नैतिक पैकरा और तृतीय धनराज सूर्यवंशी ने प्राप्त किया। उपरोक्त तीनों विद्यार्थी कक्षा 10 वीं के छात्र हैं। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम चंचल कर्ष,द्वितीय मानसी निषाद और तृतीय अदिति राठौर का रहा।

**न्यायालयः चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारीः सर्व विजय अग्रवाल)**
पोसेस क्रमांक - 07/26
वि.सि.वाद. क्र.- 01 अ/2026
पेशी तिथि- 20/01/2026
**ईश्तहार**
उषा राठौर वगैरह. ...अपीलार्थीगण विरूद्ध
आम जनता वगैरह. ...उत्तरवादीगण

अपीलार्थी उषा राठौर वगैरह के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष सि.अ.क्र.-01 अ/2026 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक-1 आम जनता को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक-20/01/2026 को दिन के 10.30 बजें उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा । यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक-20/01/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया ।
स्थान- जांजगीर
दिनांक 08/01/2026
**(सर्व विजय अग्रवाल)**
**चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय -श्रीमान गणेश राम पटेल**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**नोटिस**
प्रोसेस नं. 31/26
व्यवहार अपील क्र. 29अ/2025
आदेश दिनांक 09/01/2026
पेशी दिनांक- 20/02/2026
रामखिलावन वगैरह . ....अपीलार्थीगण बनाम
शंकर लाल वगैरह.. ...उत्तरवादीगण
प्रति, शंकरलाल वल्द स्व. हीराचंद जाति गाड़ा निवासी-चांपा तहसील चांपा हा.मु. ग्राम तरौद तह. अकलतरा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग.

इस न्यायालय में अपीलार्थी रामखिलावन वगैरह के द्वारा व्यवहार अपील पेश किया है, जिसका व्य.अ.क्र. 29 अ/2025 है, जिसमें आपको क्रमशः उत्तरवादी क्रमांक 01 के रूप में समायोजित किया गया है। जिसमें प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/02/2026 को प्रतिवादी क्रमांक 01 की उपस्थिती हेतु नियत है। जिसमें आप पेशी दिनांक 20/02/2026 को सुबह के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहे अथवा अपने अभिकर्ता/अधिवक्ता जिन्हें अपील प्रकरण की सम्यक जानकारी हो उपस्थित रखे जो सभी प्रश्नों का उत्तर दे सकें। यदि आप पेशी दिनांक 20/02/2026 को अनुपस्थित रहते है तब आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जाकर अपील प्रकरण में आगें कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश दिनांक 20-02-2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 12-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक-12/01/2026
**(गणेश राम पटेल)**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश, जांजगीर**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## आम सूचना ईश्तहार
**(नाम परिवर्तन सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता पवन कुमार राठौर उम्र 41 पिता बलराम राठौर, यह कि मेरे पुत्र किशन कुमार राठौर पिता पवन कुमार राठौर जाति तेली, निवासी ग्राम पुटपुरा, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. यह शपथ करता हूँ कि मेरे पुत्र का पुराना नाम किशन राठौर (KISHAN RATHORE) पिता पवन कुमार राठौर (PAVAN KUMAR RATHORE) जिसका जन्म तिथि 30/12/2012 को त्याग कर नया नाम किशन कुमार राठौर (KISHAN KUMAR RATHORE) जिसका जन्म तिथि 05/01/2013 रखा लिया हूँ अतः आज मेरे पुत्र का नाम के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में नये नाम किशन कुमार राठौर (KISHAN KUMAR RATHORE) पिता पवन कुमार राठौर (PAVAN KUMAR RATHORE) जिसका जन्म तिथि 05/01/2013 से ही जाना पहचाना जावे। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरे पुत्र नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है तो 15 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा। सो सूचना प्राप्त करें।
स्थानः जांजगीर
दिनांक :
**भवदीय**
**पवन कुमार राठौर**
**पिता बलराम राठौर**
**निवासी ग्राम पुटपुरा**
**पो. खोखरा, तहसील जांजगीर,**
**जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**मो.- 9926497815**

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू डॉ. योगेश साहू
परसुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बालरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

## खबर संक्षेप

### कनकेश्वरधाम कनकी में होगा मड़ई मेला व डांस प्रतियोगिता

**कोरबा।** ग्राम पंचायत कनकी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा संगठन कनकेश्वर सेवा समिति के तत्वाधान में मड़ई मेला, डांस प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी को रखा गया है। मड़ई मेला 2 बजे से और डांस प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगी। डांस प्रतियोगिता में सामूहिक प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 10 हजार एवं शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 7001 रु एवं शिल्ड श्रीमति सुषमा नरेंद्र राजवाड़े, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं शिल्ड राजेश राजवाड़े प्रधानपाठक, चतुर्थ पुरस्कार 2001 एवं शिल्ड अजय देवांगन युगल, एकल प्रतिभागी में प्रथम पुरस्कार 3001 रु एवं शिल्ड कमलेश ट्रेडर्स, द्वितीय 2001 एवं शिल्ड विनोद राजवाड़े, तृतीय पुरस्कार 1001 हरि टेंट कनकी के तरफ से दिया जाएगा। वहीं चतुर्थ से पंचम तक के प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संवेदना ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर द्वारा प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य श्रीमति सावित्री अजय कंवर होंगे। अध्यक्षता श्रीमती सुषमा नरेंद्र राजवाड़े जनपद सदस्य करेंगे।

### अशरफ़ मेमन कटघोरा शहर गोरेलाल बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**कटघोरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के



निर्देश और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम और निर्णायक कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस ने आज ब्लॉक एवं शहर स्तर के पदाधिकारियों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रदेशभर के 307 शहर और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिसमें पार्टी के प्रति अनुभव, निष्ठा और जमीनी पकड़ को प्राथमिकता दी गई है। इस सूची में कोरबा जिला खासतौर पर चर्चा में है, जहां कांग्रेस आलाकमान ने पुराने, भरोसेमंद और संघर्षशील नेताओं पर विश्वास जताया है। कटघोरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशरफ़ मेमन को सौंपी गई है। कांग्रेस के शुरुआती दौर से पार्टी से जुड़े अशरफ़ मेमन का संगठन के प्रति समर्पण और संघर्ष का इतिहास बेहद लंबा और प्रभावशाली रहा है।

### दिव्यांग बच्चों को किया गया एजुकेशनल किट का वितरण



**कोरबा।** कलेक्ट्रेट कोरबा में समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले के 5 पूर्ण दृष्टिबाधित दिव्यांग बालक-बालिकाओं को समावेशी शिक्षा के तहत समग्र शिक्षा रायपुर से प्राप्त एजुकेशनल किट (स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, स्मार्ट वॉच, स्टडी एलईडी लैम्प, मोबाइल स्कैनर स्टैंड, सिग्नेचर गाइड, टॉकिंग कैलकुलेटर आदि) का वितरण किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बच्चों के शिक्षण में सहयोग, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से यह किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, जिला मिशन समन्वयक बल्लभ दास वैष्णव, बीआरपी (समावेशी शिक्षक) जावेद अख्तर, ज्वाला सिंह सोलंकी एवं श्रीमती अरुणा शर्मा उपस्थित रहे। एक कदम और एनजीओ से श्री आशुतोष ने समन्वय में सहयोग प्रदान किया।

### जायसवाल को मिली पीएचडी की उपाधि

**कोरबा।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने



शासकीय मुकुटधर पांडे महाविद्यालय कटघोरा के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक यशवंत जायसवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यशवंत ने स्टडी ऑफ इंटिग्रेल ट्रांसफार्म विथ मल्टीवेरिएबल फंक्शन एण्ड देयर एप्लीकेशन विषय पर अपना शोध किया है। यशवन्त जयसवाल ने अपना शोध कार्य डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डी. एस. सिंह के निर्देशन और डॉ दिलीप जायसवाल के सहायक निर्देशन में पूरा किया।

### पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव 2026 में जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित की गई है।

# बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक, साथ ही सम्पत्ति, भवन, दुकान होंगे सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के बड़े बकायादारों द्वारा यदि तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जाती तो उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे तथा उनकी सम्पत्ति, भवन व दुकान आदि को सील किया जाएगा।

अलग खबर

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए करों की कम वसूली पर गहरी नाराजगी जताई तथा जिन बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि जमा नहीं कराई जा रही है। उन पर नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही किए जाने, सम्पत्तियों को सील किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बकाया कर राशि की कम वसूली होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा बडे.बकायादारों की सूची तैयार कर नामों को सार्वजनिक करनें तथा उनकी सम्पत्ति, भवन, दुकान आदि को सील करने की नियमानुसार कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

## आयुक्त ने राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा की

**खास बातें**

- बड़े बकायदारों को राशि जमा करने दी गई हिदायत
- अधिकारियों को भी दिया गया निर्देश



## निगम के टेण्डर के लिए अयोग्य घोषित होंगे बकायादार

निगम के बड़े बकायादारों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो निगम में ठेकेदारी करते हैं तथा निगम से लगातार नियमित रूप से भुगतान भी प्राप्त करते हैं किन्तु उनके द्वारा सम्पत्तिकर व जलकर की राशि को निगम कोष में जमा नहीं कराया जा रहा, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में ठेकेदारी करने वाले ऐसे लोग जो बकायादार हैं, उनके द्वारा करों का भुगतान निगम को नहीं किया जा रहा है, ऐसे लोगों को निगम की टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

## कोरबा वन मंडल के करतला रेंज का मामला, धान खरीदी केंद्र में खदेड़ा गया हाथी को

# चचिया धान खरीदी केंद्र में जा धमका था दंतैल हाथी, नहीं कर पाया चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात एक दंतैल हाथी धान खाने के लिए धान खरीदी केंद्र जा धमका था और धान की बोरियों को गिराकर खाने की कोशिश कर रहा था कि इसी बीच केंद्र में उपस्थित कर्मी ने किसी तरह टार्च की रौशन दिखा कर हाथी को खदेड़ा गया जिससे खरीदी केंद्र में रखा धान बच गया अन्यथा कई बोरी धान को हाथी चट कर जाता है। इससे पहले भी हाथी इस खरीदी केंद्र में बीते वर्ष पहुंच चुका था। इस बार फिर से दंतैल हाथी ने इसकी शुरुआत कर दी है।



चचिया धान खरीदी केंद्र में घुसा था हाथी।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहा है। वहीं दूसरी ओर वनांचल क्षेत्र में भी धान खरीदी केंद्रों में जमकर खरीदी हो रही है। जहां केंद्रों में धान का भरपुर स्टॉक है, बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में विचरण कर रहा दंतैल हाथी चचिया धान खरीदी केंद्र में रात के वक्त एक दंतैल हाथी आ धमका। हाथी के आने से एक बारगी दहशत का माहौल रहा लेकिन धान की रक्षा करने का प्रयास नहीं छोड़ा और हाथी को खदेड़ दिया। जब हाथी आया तो धान खरीदी केंद्र के कर्मचारी दहशत में आ गए लेकिन हिम्मत नहीं हारी। जब हाथी ने धान की बोरियों को गिराया तब वह नुकसान ना पहुंचाए इसके लिए मौजूद सभी लोगों ने मिलकर हाथी को टॉर्च की रोशनी दिखाकर हाथी को खदेड़ा गया और धान को बचाया गया। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों में मौजूद धान का उठाव होने तक खतरा बना ही रहता है। हाथियों के आने से किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। यह पहली घटना नहीं है कि धान खरीदी केंद्र में हाथी नहीं आया हो हाथी केन्द्र में घुसकर धान खा कर चले जाते हैं।

## विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को किया जा रहा अलर्ट

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथी मानव सह अस्तित्व जागरुकता कार्यक्रम, एंटी स्नेयर वाक, गज संकेत एप्प का उपयोग, जिला प्रशासन के कोटवारों से मुनादी, ग्रामों में व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से, प्रत्येक ग्रामों में वन प्रबंधन समिति की बैठक लेकर हाथी प्रभावित ग्रामों में हाथी ट्रेकिंग दल का गठन किया जा रहा है। जिससे समय रहते जन हानि को रोका जा सके।

# सर्पदंश से अधेड़ की तो अलाव की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक अधेड़ व्यक्ति को सर्प ने डस लिया तो वहीं दूसरी ओर रात को घर के भीतर अलाव जलाकर सो रही वृद्ध महिला अलाव की चपेट में आ गई थी। जहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। कृष्णा नगर बस्ती में घटित हुई है। यहां निवासरत भूपेश महिलांगे 45 वर्ष पिता स्व श्याम सुंदर महिलांगे गुरुवार की सुबह दिशा मैदान के लिए गया हुआ था। किसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जब वह अपने घर के भीतर पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जब उसने अपने परिजनों को उसकी जानकारी दी जिसके बाद उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र के बड़मार में घटित हुई है। बताया जाता है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाडाड़ निवासी गुरुवारिन बाई अघरिया 57 वर्ष पति बिहानू अगरिया कुछ माह पूर्व उसे लकवा मार दिया था जिसके बाद गुरुवारिन बाई अपने रिश्तेदार के घर करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़मार में रहती थी। 8 जनवरी की रात गुरुवारिन बाई अलाव जलाकर अपने कमरे पर सो रही थी कि इसी दौरान वह अलाव की चपेट में आ गई थी और बुरी तरह से झुलस गई थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया था पिछले कई दिनों से गुरुवार का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा था और गुरुवार को इलाज के दौरान गुरुवारिन बाई की मौत हो गई है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलवाएं नागरिकों को : संजूदेवी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं को दिलाने हेतु जोनवार शिविर का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर नागरिकों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विद्युत कम्पनी व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में निगम के वार्ड पार्षदों व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजना है, इस योजना का लाभ सभी नागरिकों को मिले तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप आमजन बिजली बिल के भार से मुक्त हों, उन्हें मुफ्त में बिजली मिले, उनके घरों में लगाए गए सोलर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली से उन्हें आय भी हों, इस हेतु हम सबका दायित्व है कि हम आमजन को योजना की पूरी जानकारी दें, योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराएं तथा योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हों, इस हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक में उपस्थित विद्युत कम्पनी के अधिकारियों व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस हेतु शीघ्र एक अभियान चलाएं, समुचित कार्ययोजना बनाकर जोनवार शिविरों का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर लोगों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में दी गई योजना की जानकारी- बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कोरबा के कार्यपालन अभियंता (शहर) रोशन वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तार से जानकारी वार्ड पार्षदों को उपलब्ध कराई।

# रानी अटारी रूंगटा माइंस के खिलाफ गोंगपा ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने जिले के रानीअटारी क्षेत्र में प्रस्तावित रूंगटा माइंस के खिलाफ अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आह्वान किया है। पार्टी का कहना है कि स्थानीय ग्रामीणों की सहमति के बिना माइंस खोले जाने की प्रक्रिया की जा रही है, जो संविधान और आदिवासी अधिकारों का उल्लंघन है। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विद्वान सिंह मरकाम कर रहे हैं।

धरना-प्रदर्शन के ऐलान के साथ ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बताया गया कि रूंगटा कंपनी के लिए प्रभावित ग्राम पंचायत जलके और सेन्हा से गुप्त रूप से प्रस्ताव तैयार कर एसडीएम कार्यालय में पहले ही जमा किया जा चुका है।



पार्टी ने आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय ग्रामीणों और पंचायतों की सहमति नहीं ली गई, जो गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोरबा जिला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति अधिसूचित जिला है। ऐसे क्षेत्रों में शासन-प्रशासन का नियंत्रण और निर्णय प्रक्रिया आदिवासियों के हितों और सहमति के आधार पर होनी चाहिए। इसके बावजूद बिना ग्राम सभा की अनुमति और जनसुनवाई के माइंस खोलने की तैयारी की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता मजदूर संघ के संयुक्त प्रदेश महामंत्री बने सुखराम मधुकर

**पामगढ़।** श्रमिक कल्याण व सहयोग हेतु भारतीय जनता मजदूर संघ ने इस क्षेत्र में कार्य करने के



लिए सम्पूर्ण राष्ट्र में संगठन का विस्तार करने की योजना बनाई है, जिसके लिए शांत प्रकाश जाटव राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा एवं निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रकाश अनंत ने सुखराम मधुकर को संयुक्त महामंत्री छग (निर्माण श्रमिक फोरम) मनोनित किया है। उन्होंने अपेक्षा जताई है कि इस क्षेत्र में कार्य करते हुए इस क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के कल्याण हेतु कार्य करने हेतु ऊर्जावान कार्यकर्ता संघ में जोड़ेगे, संगठन की राष्ट्रवादी विचारधारा को सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगे।भारतीय जनता मजदूर संघ देश में संगठित व असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों व उनके परिवारों को कल्याण हेतु विभिन्न रूप में कार्य कर रहा है सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए दी जा रही योजनाओं के बारे में कैंप लगाकर छोटी गोष्ठियां कर अवगत करना संघ का मुख्य उद्देश्य है। मधुकर की नियुक्ति को लेकर श्रमिक व मजदूर एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्यापत है उनकी नियुक्ति से संगठन को धरातल पर और मजबूती मिलेगी।

### गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं चार दिवसीय मेला आज से

**मालखरौदा।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिहरीद के गुरु घासीदास मंगल भवन बढ़ाई पारा में संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं चार दिवसीय मेला का आयोजन 17 से 20 जनवरी तक किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते आयोजक समिति के सह सचिव चैतन्य बुध्द भारद्वाज ने बताया कि पहले दिन 17 जनवरी को सुबह 10 बजे से कररहा ग्रुप के साथ सतनाम शोभा यात्रा एंव ध्वजारोहण होगा। सांय 5 बजे से 7 बजे आरती मंगल रात्रि 7 बजे से पंथी नृत्य, भजन प्रवचन होगा। इस दिन का मुख्य आकर्षण- बालिका पंथी पार्टी-शेखर टंडन घाना बिलाईगढ की शानदार प्रस्तुति होगी। 18 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे से भजन प्रवचन, सांय 5 बजे से 7 बजे आरती मगल रात्रि 7 बजे से पंथी नृत्य, भजन, प्रवचन होगा। इस दिन का मुख्य आकर्षण- सनम टंडन मोर मया लोककला मंच मल्हार बिलासपुर की टीम द्वारा शानदार प्रस्तुति देंगे तो 19 जनवरी सोमवार को सुबह 10 बजे से भजन प्रवचन, सांय 5 बजे से 7 बजे आरती मगल रात्रि 7 बजे से पंथी नृत्य, भजन,प्रवचन इस दिन का मुख्य आकर्षण- तारा कुलकर्णीमोर छत्तीसगढ़ धरोहर लोककला मंच रायपुर की शानदार प्रस्तुति होगी। अतिम दिन 20 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से भजन प्रवचन, सांय 5 बजे से 7 बजे आरती मगल रात्रि 7 बजे से पंथी नृत्य, भजन,प्रवचन होगा। इस दिन का मुख्य आकर्षण- श्याम कुटेलिहा सुर वर्षा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच कुटेलाधाम बिलासपुर की शानदार प्रस्तुति रहेगी। प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 10 बजे रात्रि तक,क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय में अनुपम प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के व्यास पंडित आचार्य देवराम रात्रे कनकपुर वाले रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत पिहरीद के सरपंच दयालु राम जाटवर करेंगे। मंच संचालक केदार जाटवर शिक्षक, प्रकाश आजाद सामाजिक कार्यकर्ता,महेंद्र बर्मन छात्र नेता करेंगे। समारोह में प्रदेश, जिला व क्षेत्र के पंथी पार्टी, मंगल भजन, प्रवचनकर्ता, वक्तागण से उपस्थिति की अपील की गई है।

### नवापारा में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय नवापारा (सुकली) में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन 17 जनवरी शनिवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रधान पाठक रामविलास डाहरे ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यास कश्यप विधायक जांजगीर.चांपा व अध्यक्षता जगन्नाथ कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कनई करेंगे । विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र धर दीवान विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़, श्रीमती ऋषि कांता राठौर बी आर सी सी, तरुण साहू सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़, श्रीमती सुषमा स्वरूप प्राचार्य शा. उच्च.माध्य.शाला धुरकोट, श्रीमती के. व्ही. कुजूर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सुकली,विजय कुमार प्रधान जिलाध्यक्ष शिक्षक कला व साहित्य अकादमी जांजगीर चांपा होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बोधीराम साहू करेंगे। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति का विशेष सहयोग मिल रहा है।

बड़े लेन-देन नगद के स्थान पर बैंकिंग माध्यमों से करने दिए गए निर्देश

# सुरक्षा के मद्देनजर सराफा व्यवसायी दुकानों के अंदर एवं बाहर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ज्वेलरी दुकानों व सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए शुक्रवार 16 जनवरी को पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें थाना प्रभारी सक्ती लखन पटेल एवं साइबर सेल प्रभारी अमित सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्राफा व्यापार से जुड़े प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना तथा चोरी, लूट, ठगी एवं साइबर अपराध जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पटेल द्वारा सर्राफा व्यापारियों को विस्तृत रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समझाइश दी गई। उन्होंने प्रत्येक सर्राफा प्रतिष्ठान में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे दुकान के अंदर, बाहर एवं प्रवेश/निकास द्वार पर



एडिशनल एसपी व थाना प्रभारी के साथ उपस्थित सराफा व्यवसायी।

अनिवार्य रूप से लगाए जाने की बात कही। उन्होंने कैमरों की स्थिति सही, रिकॉर्डिंग स्पष्ट तथा कम से कम 30 दिवस तक का बैकअप सुरक्षित रखने कहा। कर्मचारियों एवं गार्ड का पुलिस वेरिफिकेशन दुकानों में कार्यरत सभी कर्मचारियों, कारीगरों एवं सुरक्षा गार्डों का थाना स्तर पर पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। बिना सत्यापन किसी भी कर्मचारी को कार्य पर न रखने की हिदायत दी गई। सर्राफा व्यापार से संबंधित बड़े लेन-देन नगद के स्थान पर बैंकिंग माध्यमों (चेक, आरटीजीएस, एनईएफटी आदि) से करने, लेन-देन का पूर्ण एवं पारदर्शी रिकॉर्ड संधारित करने तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतिष्ठानों में मजबूत ताले, अलार्म सिस्टम, अग्नि सुरक्षा उपकरण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा रात के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। दुकान बंद करते समय सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। साइबर सेल प्रभारी अमित सिंह द्वारा सर्राफा व्यापारियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा न करने तथा डिजिटल भुगतान से संबंधित सावधानियों की जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर सेल या नजदीकी थाना को सूचना देने हेतु अवगत कराया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सर्राफा व्यापार अत्यंत संवेदनशील श्रेणी में आता है, अतः सभी व्यापारी पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। सुरक्षा मानकों का पालन करने से न केवल अपराधों में कमी आएगी, बल्कि व्यापारियों एवं ग्राहकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। थाना प्रभारी सक्ती लखन पटेल द्वारा सर्राफा व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस विभाग उनकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी। सर्राफा व्यापारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने एवं सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में राजेश सराफ अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन शक्ति, आलोक अग्रवाल सचिव, दिनेश सराफ कोषाध्यक्ष, विनोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अशोक सराफ कालू सराफ, किशन देवांगन, सुनील सराफ, सन्देश सराफ, सुमित सराफ, अमित सराफ सहित सर्राफा व्यापारी संघ सक्ती नगर एवं आसपास क्षेत्र के समस्त सर्राफा व्यापारी, प्रतिष्ठान संचालक एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी में किचन गार्डन बना पोषण और शिक्षा का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी संकुल केंद्र बरगवां में बच्चों के समग्र विकास और बेहतर पोषण को ध्यान में रखते हुए किचन गार्डन की सराहनीय पहल की गई है। शाला परिसर में विकसित इस किचन गार्डन में पालक, मेथी, धनिया, फूलगोभी, पत्ता गोभी, प्याज भाजी, सरसों भाजी सहित विभिन्न प्रकार की मौसमी सब्जियों की सफल खेती की जा रही है।

■ किचन गार्डन के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति बढ़ती है जागरूकता

शैक्षिक समन्वयक अम्बरीश सिंह बैस ने बताया कि स्कूलों में किचन गार्डन बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं ताज़ी सब्जियां उपलब्ध कराना है। इससे न केवल बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने में मदद मिलती है, बल्कि उन्हें बागवानी का व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। किचन गार्डन के माध्यम से बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित होती हैं, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे प्रकृति से जुड़कर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। प्रधान पाठक गोविंद नारायण देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार शाला में किचन गार्डन तैयार किया गया है। इस गार्डन में उगाई जा रही सब्जियों में किसी भी प्रकार के रासायनिक खाद या कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे सब्जियां पूर्णतः प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक होती हैं। किचन गार्डन से प्राप्त सब्जियों का उपयोग विद्यार्थियों के मध्यान्ह भोजन में किया जा रहा है, जिससे बच्चों का पोषण स्तर बेहतर हो रहा है।किचन गार्डन को सफल बनाने में शाला के शिक्षक प्रमोद कौशिल, सतीश पटेल, सुरेश कंवर एवं श्रीमती कादंबिनी साहू का विशेष योगदान रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी भी सब्जियों की देखभाल और खेती की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, जिससे उनमें श्रम, जिम्मेदारी और प्रकृति प्रेम का भाव विकसित हो रहा है।शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी का यह किचन गार्डन आज शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा स्रोत सिद्ध हो रहा है।

## वेतन विसंगति को लेकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते सहायक शिक्षक समग्र के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ब्लॉक के समस्त शिक्षक अपने 4 सूत्रीय मांग वेतन विसंगति, क्रमोन्नत वेतनमान, टेट परीक्षा की अनिवार्यता एवं अपने मोबाईल में व्हीएसके एप में आनलाइन उपस्थित के विरोध में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार मधुकर के नेतृत्व में शनिवार 17 जनवरी को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में धनसहाय लहरे, महेन्द्र कुमार दिव्य,रामसेवक पैकरा, मनमोहन अनंत, घनश्याम बघेल, जगन्नाथ प्रसाद कश्यप ,जगदीश प्रसाद तम्बोली, प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय पुष्पलता कृष्णा, अनिता सुमन, अनिता सूर्यवंशी शांति जांगड़े, प्रियंका पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है रक्तदान : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

तिवारीपारा स्थित मिडिल स्कूल परिसर में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'रक्तदान शिविर' आयोजित किया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, भाजपा पामगढ़ मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू, खरौद की पार्षद नीलम यादव विशेष रूप से मौजूद थे।

■ वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर, 30 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

रक्तदान का यह शिविर, शिवरीनारायण के संकट मोचन ब्लड सेंटर के सहयोग से लगा था, जहां 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें 5 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया और ब्लड डोनेट कर वे काफी खुश नजर आए। इस दौरान एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है और सबसे बड़ा पुण्य का कार्य रक्तदान है। खरौद के शिविर में युवाओं ने रक्तदान किया है और समाज को बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को



रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एडिशनल उमेश कश्यप एवं अन्य अतिथिगण।

लाभ होता है। ऐसे में युवाओं को रक्तदान करने हमेशा आगे रहना चाहिए। श्री कश्यप ने वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर कहा कि यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। आज वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी याद में यह पुनीत कार्य हो रहा है, यह अच्छी पहल है। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक उग्रसेन साहू, बिसम्भर प्रसाद साहू, वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू, संकट मोचन ब्लड सेंटर के संचालक गोविंद साहू, युवा जागरण समिति के अध्यक्ष जागेश्वर साहू, कान्हा यादव, भाजपा के युवा नेता रामकृष्ण सोनी, पूर्व पार्षद धनंजय रात्रे, इंदलदेव सेवा समिति के कृष्णकुमार आदित्य, दीपक देवांगन, हेमंत साहू, गोपाल यादव, लव सोनी, फिरत आदित्य, रमा आदित्य, बलराम आदित्य, संकुल समन्वयक उपेंद्र सिंह ध्रुव, मिडिल स्कूल की प्रधानपाठक सरोज यादव, प्रायमरी स्कूल की प्रधानपाठक रश्मि कश्यप, नीलकमल साहू, रविशंकर यादव, गौतम शर्मा, हीरालाल साहू, मिथलेश साहू, रमाशंकर यादव, प्रकाश तिवारी, कैलाश थवाईत, हेमंत साहू, दीनदयाल साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### ज्ञानोदय स्कूल में विशेष आधार शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा ज्ञानोदय हायर सेकंड्री स्कूल जांजगीर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन शनिवार 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार व अपडेशन (पता, मोबाईल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं। बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अतिआवश्यक है। नगरवासी अपने बच्चों का निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निखिल गोपाल उप संभागीय अधिकारी डाक विभाग जांजगीर ने समस्त आम नागरिक से अनुरोध किया कि इस विशेष शिविर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन व एनरोलमेंट का कार्य जरुर कराएं।

## 70 प्लस आयु वर्ग के लिए विशेष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन एवं नेतृत्व में जिले में आयुष्मान कार्ड महाअभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 जनवरी को ब्लॉक मालखरौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत आडील, बीरभाटा, कलमी एवं पीहरीद में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु विशेष शिविर आयोजित किए गए।

उक्त शिविरों का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मृत्युंजय राठौर, खंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री थानेश्वर पटेल एवं बीईटीओ द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शिविरों में की गई



शिविर का निरीक्षण करते सीएमएचओ व अन्य अधिकारी।

व्यवस्थाओं, हितग्राहियों की उपस्थिति, दस्तावेज सत्यापन तथा कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आयुष्मान कार्ड एवं विशेष रूप से 70 आयु वर्ग के आयुष्मान कार्यों का 100 प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित किया जाए। जो पात्र हितग्राही किसी कारणवश शिविर में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। उनके लिए डोर-टू-डोर जाकर कार्ड निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में यह महाअभियान आयुष्मान कार्ड कवरेज 100 प्रतिशत तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त सीएचओ, आरएचओ, मितानिन एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए शेष बचे सभी पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करें। साथ ही कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग एवं दैनिक प्रगति रिपोर्टिंग समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

## देवराज इंद्र के अंश से प्रकट हुए पांच पांडव : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गौरव ग्राम सिवनी के राठौर परिवार में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पंडित अंशुमान शास्त्री ने कथा श्रवण करते हुए बताया कि पांचो पांडव का जन्म मूलतः देवराज इंद्र के ही अंश से हुआ है। महाभारत कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि जब देवराज इंद्र से उनके गुरु बृहस्पति जी नाराज हुए तब वह विश्वरूप को अपना गुरु बनकर यज्ञ करने लगा परंतु यज्ञ से नाराज होकर के इंद्र अपने गुरु स्वरूपी विश्वरूप ब्राह्मण का ही वध कर कर दिया, जिससे ब्रह्म हत्या का दोष लगने के कारण इंद्र के शरीर से धर्म बाहर आ गया और यह धर्मराज युधिष्ठिर के रूप में जन्म लिया। दूसरी घटना हुई कि जब देवराज इंद्र के द्वारा वृत्तासुर की हत्या की गई तब उनके शरीर से बोल बाहर आया और वही भीमसेन के रूप में जन्म लिया। ऐसे ही जब देवराज इंद्र से गौतम जी की पत्नी अहिल्या से पाप

■ ब्यास आचार्य ने सुनाई महाभारत की कथा



करने का दोष लगा तब उनके शरीर से रूप बाहर आया और वह रूप नकुल और सहदेव के रूप में जन्म लिए और स्वयं देवराज इंद्र अर्जुन के रूप में जन्म लिए एवं इंद्र की पत्नी महारानी सच्ची वही स्वयं द्रौपदी बनी एवं इन्हें पांच पांडवों का वरण की। इस प्रकार पांचो पांडवों का स्वरुप साक्षात देवराज इंद्र ही है। यज्ञ के आचार्य पं.गोरेलाल मिश्रा, पवन तिवारी, कथा के आयोजक राठौर परिवार अजय राठौर. जानू राठौर, सुयोग राठौर, सूर्यप्रताप राठौर, एवं मोहल्लेवासी, ग्रामवासी उपस्थित होकर पुण्य के भागीदार बने।

## संक्रांति के अवसर पर हसदेव गंगा की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय चांपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार 13 जनवरी को तिल संक्रांति के पावन अवसर पर संत शिरोमणी तपसी महाराज की तप स्थली तथा संकट मोचक हनुमान मंदिर हसदेव नदी तट पर सायं 7 बजे से हसदेव-गंगा महाआरती का भव्य आयोजन लगातार 12वें वर्ष किया गया। इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में हसदेव तट पर शामिल हुए।

■ बड़ी संख्या में शामिल हुए गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु

सर्वप्रथम चांपा सेवा संस्थान के सचिव सुनील वनकर के संचालन में अतिथियों को कुर्सी पर विराजित कर उनका स्वागत संस्थान के पदाधिकारियों के हाथों पुष्पगुच्छ भेंटकर कराया गया। इसके पूर्व संस्थान की ओर से समस्त अतिथियों का सम्मान तिलक लगाकर किया गया। इसके बाद वरूण आरती, पुष्पवर्षा, स्वस्तिवाचन, धूप-कपूर आरती के पश्चात पं. मयंक उपाध्याय, सिद्वार्थ पाठक और प्रियांशु पाढ़ी द्वारा अपने सहयोगियों के साथ हसदेव-गंगा की महाआरती की गई। इस मौके पर अतिथि के रूप में हनुमान मंदिर के महंत, डी.बी.वेंचर्स के संचालक धीरेन्द्र बाजपेयी, संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल, रामगोपाल सोमानी, चन्द्रप्रकाश भंडारी आदि मौजूद थे। हसदेव-गंगा की महाआरती के बाद उपस्थितों में तिल के लड्डु का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर गंगा आरती के दर्शन हेतु संस्थान के सिद्वनाथ सोनी, महावीर सोनी, भोलेश्वर सोनी, पदमेश शर्मा, पुरूषोत्तम शर्मा, रामनारायण मोदी सहित बजरंग देवांगन, शैलेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र ताम्रकार, विनोद तिवारी, नरेन्द्र शर्मा, अजय शर्मा, सत्यनारायण सोनी, सुशांत चैधरी, राम खूबवानी, लक्ष्मण थावानी, लक्ष्मण कृपलानी, तिलेश कंवर, रजनी सोनी, शशिप्रभा सोनी, पुष्पा देवांगन, शांता गुप्ता, पद्मा शर्मा, मणिमाला शर्मा, ज्योति वनकर, निशा पाण्डेय, मुन्नी देवांगन, सीमा सोनी, बिंदिया नामदेव के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। गंगा आरती के दौरान कुछ श्रद्धालु इसलिए उठकर चले गये क्योंकि हसदेव नदी प्लास्टिक पन्नी, अनुपयोगी फूल और अन्य गंदगी से अटी पड़ी थी।



हसदेव गंगा की आरती करते श्रद्धालु।



